

विजय हजारे ट्रॉफी में की वापसी

टी20 विश्व कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से नजरअंदाज करने के बाद धवन ने विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी की। हालांकि इस घरेलू वनडे ट्रॉफी में शिखर के शुरुआती 3 मैचों में बल्ला अब तक खामोश रहा। उन्होंने सिर्फ 26 रन ही बनाए हैं। झारखंड के खिलाफ पहले मुकाबले में धवन शून्य पर आउट हो गए थे। हैदराबाद के खिलाफ भी दिल्ली के इस बल्लेबाज का बल्ला कमाल नहीं कर सका और वह 12 रन बनाकर आउट हो गए। शनिवार को उत्तर प्रदेश के खिलाफ भी वह 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

## शिखर धवन को आ रही बेटे जोरावर की याद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम से दरकिनार किए गए टीम इंडिया के अनुभवी ओपनर शिखर धवन को इनदिनों बेटे जोरावर की याद आ रही है। धवन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर जोरावर से वीडियो कॉल पर बातचीत का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इसमें पिता और पुत्र का हेयरकट एक जैसा दिखाई दे रहा है। इस समय विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली की ओर से खेल रहे धवन ने रेड हार्ट वाले इमोजी के साथ फोटो का कैप्शन लिखा, जैसा पिता, वैसा बेटा। मुझे आपकी बहुत याद आ रही है मेरे बच्चे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज धवन बेटे जोरावर के बेहद करीब हैं। वह समय समय पर बेटे के साथ अपनी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी शेयर करते रहते हैं, जिन्हें फैंस खूब पसंद करते हैं। शिखर का हाल में पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक हो गया था। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी और 2015 में जोरावर का जन्म हुआ था। शादी टूटने के बाद जोरावर अपनी मां के साथ ऑस्ट्रेलिया में है।

# विजय हजारे में रितुराज गायकवाड का तीसरा शतक

क्रिकेट

## प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया में दावेदारी होती जा रही मजबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट में एक खिलाड़ी ने पिछले कुछ सालों में धमाका मचाया हुआ है। इंडियन प्रीमियर लीग में रनों की बरसात करने वाले रितुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे में शतकों की हैट्रिक लगा दी है। बीसीसीआइ के घरेलू वनडे टूर्नामेंट में इस बल्लेबाज ने पिछले चार दिन में तीन शतकीय पारी खेल डाली। इस प्रदर्शन के बाद उनकी टीम इंडिया में दावेदारी मजबूत होती जा रही है।

शनिवार को रितुराज ने धमाकेदार फार्म को जारी रखते हुए एक और शतक जमा डाला। केलर के खिलाफ महाराष्ट्र के कप्तान ने 110 गेंद पर शानदार शतक जमाया। रितु की इस पारी ने भारतीय टीम में अपनी जगह बचाने के लिए जूझ रहे ओपनर शिखर धवन की मुश्किलें बढ़ा दी है। विजय हजारे में यह इस बल्लेबाज की चार दिन में तीसरी शतकीय पारी है। भारत को साउथ अफ्रीका दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इस दौरे के लिए रितु के ऐसे धमाकेदार प्रदर्शन के बाद चुना जाना तय माना जा रहा है।




**चार दिन में जमाया तीसरा शतक** विजय हजारे ट्रॉफी का आगाज रितु ने पहले मैच में मध्यप्रदेश के खिलाफ 112 गेंद पर 136 रन बनाकर किया था। इस पारी में उन्होंने कुल 14 चौके और 4 छक्के जमाए थे। इसके बाद दूसर मैच में छत्तीसगढ़ के खिलाफ रितु के बल्ले से और भी बड़ी पारी निकली और नाबाद 154 रन बनाए। इस मैच में 143 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और 5 छक्के लगाए थे। अब केरल के खिलाफ एक और शतकीय पारी खेलते हुए इस बल्लेबाज ने टीम इंडिया में दावादारी मजबूत कर ली है।

**आईपीएल में मचाया धमाल:** आइपीएल के 14वें सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स को चैंपियन बनाने मे रितुराज का अहम योगदान रहा। टूर्नामेंट के 16 मुकाबलों में इस बल्लेबाज ने 1 शतक और 4 अर्धशतक के दम पर कुल 635 रन बनाए। सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर रहते हुए रितु ने आरेंज कैप अपने नाम किया।

# बचपन के कोच राजकुमार शर्मा हैं सौरभ गांगुली के बयान से हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने विराट कोहली से वनडे टीम की कप्तानी लेकर बताया था उन्होंने और मुख्य चयनकर्ता ने विराट कोहली से बात भी की थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि उन्होंने विराट कोहली को सीमित ओवरों में उनके योगदान का शुक्रिया अदा किया। उनका कहना था कि बोर्ड और सिलेक्टर्स ने मिलकर रोहित शर्मा को सीमित ओवरों को कप्तान बनाने का फैसला किया। इसके बाद उन्होंने कोहली से बात की थी।

गांगुली के इस बयान पर विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने हैरानी जताई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि

### विराट कोहली का फोन तो स्विच ऑफ है...

चयनकर्ताओं को अपने रुख पर कोहली के साथ स्पष्ट होना चाहिए था जब उन्होंने टी 20 टीम से कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। खेलनीती पॉडकास्ट में राजकुमार शर्मा ने कहा, मैंने उनसे (विराट कोहली) अभी तक बात नहीं की है। उसका फोन किसी कारण से स्विच ऑफ है। लेकिन जहां तक मेरी राय है, उन्होंने विशेष रूप से टी20 कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था और चयनकर्ताओं को उन्हें सीधे सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों से हटने के लिए कहना चाहिए था, या बिल्कुल भी कदम नहीं उठाना चाहिए था।

शर्मा ने कप्तानी में बदलाव पर सौरभ गांगुली की हालिया टिप्पणियों पर आश्चर्य व्यक्त किया। बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा था कि बोर्ड ने कोहली से टी20 कप्तान के रूप में पद नहीं छोड़ने का अनुरोध किया था। राजकुमार ने इस बयान पर कहा, मैंने हाल ही में सौरभ गांगुली की टिप्पणियों को पढ़ा कि उन्होंने कोहली को टी 20 कप्तानी से हटने के लिए नहीं कहा था। मुझे ऐसा कुछ याद नहीं है। यह बयान मेरे लिए हैरान करने वाला था। चारों ओर अलग–अलग बयान घूम रहे हैं। शर्मा ने आगे चयन समिति से निर्णय लेने की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता रखने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा, चयन समिति निर्णय के पीछे कोई कारण नहीं बताती है। हमें नहीं पता कि प्रबंधन या बीसीसीआई या चयनकर्ता क्या चाहते हैं।

## दुनिया से छिपाया रिश्ता, चार साल पहले एक दूजे के हुए थे विरुष्का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेटर्स और बॉलीवुड स्टार्स का रिश्ता कोई नई बात नहीं। इसी लीग में आज से चार पहले एक पावर कपल की एंट्री हुई थी। 11 दिसंबर 2017 को विराट कोहली और अनुष्का शर्मा हमेशा–हमेशा के लिए एक–दूसरे के हो गए थे। विराट और अनुष्का शर्मा बेहद सफल कपल माने जाते हैं। दोनों ही अपनी–अपनी फील्ड के धुरंधर हैं। इटली के एक अनजान गांव में चुनिंदा रिश्तेदारों और करीबी दोस्तों के बीच दोनों ने शादी की। शादियों के लिए मशहूर बोर्गो फिनोशिटो रिजॉर्ट दुनिया के सबसे महंगे होटलों में शामिल हैं। यह जगह 800 साल पुराने एक गांव का जीर्णोद्धार कर बनाई गई है। यह साल 2016 की शुरुआत का वक्त था, जब विराट कोहली ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा– श्भ्मंतजइतवामदश। थोड़ी देर बाद ही उन्होंने यह फोटो डिलीट कर दी। इसके बाद उन्होंने फिर वही तस्वीर पोस्ट की और साथ ही लोगों से माफी भी मांगी। तब ऐसी खबरें भी आईं थीं कि विराट और अनुष्का के बीच रिश्ते में कुछ खटास पड़ गई है।

## न्यूज डायरी



### एलेक्स कैरी ने तोड़ा ऋषभ पंत का रिकॉर्ड, पहले ही टेस्ट में पकड़े 8 कैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्रिसबन। एशेज 2021 के पहले टेस्ट में ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 9 विकेट से हरा दिया। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की ओर से विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने डेब्यू किया। कैरी ने अपने पहले ही मैच में कीर्तिमान बना दिया। अपने पहले ही टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले विकेटकीपर बन गए। उन्होंने कुल 8 कैच पकड़े। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर ने ऋषभ पंत और पांच अन्य विकेटकीपर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। इनके नाम अपने पहले ही टेस्ट मैच में कुल सात कैच पकड़े थे। 30 वर्षीय कैरी ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट के चौथे दिन क्रिस वोक्स का कैच पकड़ कर इस रिकॉर्ड को अपने नाम किया। वोक्स को कैमरन ग्रीन ने आउट किया। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर क्विंटन डि कॉक ने श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में नौ कैच पकड़े थे लेकिन वह उनका डेब्यू टेस्ट नहीं था। डि कॉक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पोर्ट एलिजाबेथ में टेस्ट डेब्यू किया था लेकिन इस मैच में उन्होंने विकेटकीपिंग नहीं थी। एबी डि विलियर्स ने इस मैच में विकेट के पीछे जिम्मेदारी संभाली थी।

### अब विराट कोहली टेस्ट टीम की कप्तानी से भी हटाए जा सकते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने विराट कोहली को वनडे टीम की कप्तानी से हटाए जाने को गलत बताया। उन्होंने कहा वह जितने बड़े खिलाड़ी हैं और जिस तरह से वनडे में कप्तानी की उनका सम्मान होना चाहिए था। बुधवार 8 दिसंबर को बीसीसीआइ ने विराट को वनडे की कप्तानी से हटाते हुए रोहित शर्मा को टीम की कमान देने का फैसला लिया। कनेरिया ने कहा, जब राहुल द्रविड़ कोच के तौर पर आए थे तभी मैंने इस बात की तरफ इशारा किया था कि अब विराट कोहली की कप्तानी जाने वाली है। राहुल और विराट की जोड़ी जमती हुई नजर नहीं आ रही क्योंकि दोनों ही अगर मानसिकता के इंसान हैं। तो यही हुआ कि रोहित शर्मा कप्तान बने वनडे क्रिकेट में और कुछ टाइम के बाद आप देखेंगे कि टेस्ट टीम का भी कप्तन होंगे रोहित। ऐसा भी हो सकता है कि किसी युवा को टेस्ट की कमान दे दी जाए।

### शेन वार्न ने टाप 5 टेस्ट बल्लेबाजों में इस भारतीय बल्लेबाज को दी जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के बेहतरीन पूर्व स्पिनर शेन वार्न ने मौजूदा समय में दुनिया के टाप 5 टेस्ट बल्लेबाजों का चयन किया है। इस वक्त टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ती चली जा रही है और ऐसे में अब टेस्ट क्रिकेट की क्वालिटी पर ही सवाल उठने लगे हैं। इसके अलावा अब ऐसा माना जा रहा है कि ज्यादातर बल्लेबाज तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा सक्षम नहीं होते हैं और ऐसे में उनके लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता है। हालांकि अभी भी कुछ बल्लेबाज ऐसे हैं, जिन्होंने इस चुनौती को बखूबी स्वीकार किया है। जहां तक वार्न के टाप फाइव की बात है तो उनके हमवतन स्टीव स्मिथ इस लिस्ट में टाप पर हैं। 7000 टेस्ट रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज स्मिथ टेस्ट प्रारूप में रन–मशीन से कम नहीं हैं। उन्होंने कई विपरीत परिस्थितियों में रन भी बनाए हैं।

### इंग्लैंड की टीम पर लगा 100 फीसदी मैच फीस का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एशेज सीरीज की शुरुआत इंग्लैंड की टीम के लिए अच्छी नहीं रही। ब्रिसबेन में खेले गए पहले मुकाबले में टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया के हाथों शर्मनाक हार मिली। हार के बाद टीम को आइसीसी की तरफ से भी झटका लगा। मैच फीस में कटौती हुई साथ ही टेस्ट चौंपियनशिप के अंक भी काटे गए। मैच के चौथे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी 297 रन पर सिमट गई और आस्ट्रेलिया के सामने 20 रन का मामूली लक्ष्य रखा। 1 विकेट खोकर मेजबान टीम ने इसे हासिल कर सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई। ब्रिसबेन टेस्ट मैच के बाद इंग्लैंड की टीम पर आइसीसी ने 100 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है।